International Journal for Multidisciplinary Research
Plagiarism & Intellectual Property Rights in Digital Age (PIPRDA-2023)
E-ISSN: 2582-2160 ● Website: www.ijfmr.com ● Email: editor@ijfmr.com

बार कोड और निर्वाचन

सुशील कुमार कटारिया

सहायक प्रध्यापक वार्षिक, शास.नेहरू स्नात.महा. आगर

जब हम बाजार जाते है और सामान लेते है तो कई बार हमारे सामने एक ऐसी चीज आ जाती है, जिसे देखकर हम हैरान हो जाते है और उस चीज के बारे में बार बार सोचने लगते है, जब हम सामान लेते है तो हमारे सामने पेकेट के उपर या किसी और अन्य सामान के उपर हमें काली काली पतली लाईन दिखाई देती है, और उन लाईनों के नीचे गणित के अंको में कुछ अंक लिखे होते है, हालांकी वे गणित के अंक लाईन के हिसाब से तो नहीं होते है। लेकिन उनके नीचे जरूर लिखे हुए मिलते है और कई बार हम उनके बारे में में गहराई से सोचने लगते है कि आखिर यह चीज क्या है। लेकिन हमें पता नहीं चलता कि ये चीज क्या होती है और फिर भी हम उसे बात जानने की कोशिश जरूर करते है लेकिन शायद हम यह बात कभी नहीं जान पाते है कि यह चीज क्या है, और लगभग यह सभी सामान के उपर बनी होती है। इन्हीं को बार कोड कहा जाता है।

यह काली लाइने कोई सीधी या सिंपल लाईने नहीं होती क्योंकि यह एक कोड होता है और जिसे हम सिर्फ काली लाईने ही समझते है लेकिन वे मशीन द्वारा समान के उपर लगाया गया कोड होता है और उससे सामान की क्वांटिटी का भी पता चलता है और सामान के मूल्य का भी पता चलता है, जो व्यवसाय के लिए बहु यादगार साबित होता है और कम्पनीयां किसी भी तरह के प्रोडक्त को ट्रेक करने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करती है। कम्पनी को स्टाक लेवल के बारे में आसानी से पता चल जाता है और कोड का इस्तेमाल करके कम्पनीयां अपनी उत्पादकता और दक्षता को बढ़ा सकती है और कम्पनी इस कोड को मशीन द्वारा लगाती है और स्केनर द्वारा कम्पनी अपने प्रोडक्ट को पहचान लेती है। इसमें किसी तरह की गलती होने की सम्भावना कम होती है और कोड के अंदर का डाटा कम्प्यूटर से भी आसानी से डाला जा सकता है।

आज के समय में कई सारे व्यवसाय एवं उद्योगों में बार कोड का उपयोग किया जाता है।

1. सभी प्रकार के पेकिंग वस्तुओं के बार कोड का उपयोग किया जाता है।
2. पोस्ट ऑफिस में स्पीड पोस्ट को ट्रेक करने के लिए बार कोड का उपयोग किया जाता है।
3. डिजिटल स्वामित्व करने के लिए क्यु आर कोड का उपयोग किया जाता है।
4. पासबुक की जानकारी को ट्रेक करने के लिए भी बार कोर्ड का उपयोग किया जाता है।
5. होटल, कॉलेज, अस्पताल में जहां चेक इन और चेक आउट की व्यवस्था होती है वहां बार कोड का उपयोग किया जाता है।
6. वाई फाई में भी आप बार कोर्ड कोड का उपयोग कर सकते है।
7. कूपन कोड, गिफ्ट कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पासपोर्ट आदि में भी बार कोड का उपयोग कर सकते है।

इन सब के अलावा बहुत सारे उद्योगों में भी बार कोड का उपयोग किया जाता है।

अलग अलग देशों के बार कोड अलग अलग होते है। भारत का बार कोड 890 है।

International Journal for Multidisciplinary Research
Plagiarism & Intellectual Property Rights in Digital Age (PIPRDA-2023)
E-ISSN: 2582-2160 ● Website: www.ijfmr.com ● Email: editor@ijfmr.com

उपरोक्त विशेषताओं एवं एवं खुबियों को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा भी अपने कार्य की प्रमाणितकता एवं विश्वनीकता के लिए बार कोड का उपयोग किया जाता है। निर्वाचन आयोग की ईवीएम मशीन, वी वी पेट (VVPAT) मशीन पर भी बार कोड का उपयोग किया जाता है, ताकि आसानी से इन मशीनों को ट्रेक किया जा सके एवं इनकी संख्या ज्ञात की जा सके। निर्वाचन आयोग मताधिकार के उपयोग में भी सर्विस वोटर के मताधिकार के उपयोग में भी सर्विस वोटर के मत को देने लिए बार कोड का उपयोग करता है ताकि सही मतदाता अपने वोट का उपयोग कर सके। निर्वाचन आयोग आसानी से उम्मीद्वारों को बार कोड उपलब्ध कर सकते है और उम्मीद्वार अपने निवार्चन मशीन को ट्रेक कर सकता है।

अतः निर्वाचन में होने वाली गड़बड़ी को भी बार कोड की सहायता से समाप्त किया जाता है। इस प्रकार बार कोड के इस्तेमाल के इस डिजिटल युग में बहुत फायदे है। जो जटिलता को आसान बनाता है और समय की भी बचत करता है और इसी कारण व्यवसाय उद्योग के साथ ही अन्य निर्वाचन के क्षैत्र में भी इनका उपयोग किया जाकर कार्य को प्रमाणिकता के साथ किया जाता है।